## अध्याय 8. सिपाही की माँ

### लेखक परिचय

लेखक मोहन राकेश
बचपन का नाम मदन मोहन गुगलानी
जन्म 8 जनवरी 1925 ई०
जन्म स्थान जंडीवाली गली, अमृतसर पंजाब
निधन 3 दिसंबर 1972 ई०
माता - बच्चन कौर
पिता करमचंद गुगलानी
पिता करमचंद गुगलानी ये पेशे से वकील थे।

इनका साहित्यिक- सांस्कृतिक संस्थाओं से जुड़ाव था।

शिक्षा -
M.A. (संस्कृत) लाहौर से किये थे।
M. A. (हिंदी) ओरिएंटल कॉलेज जलांधर से किये।

वृत्ति -
(i) दिल्ली विश्वविद्यालय में अध्यापन का कार्य किये।
(ii) सारिका के कार्यालय में नौकरी किये ।
(iii) 1947 के आस पास एलफिंस्टन कॉलेज, मुम्बई में हिंदी के अतिरिक्त भाषा प्राध्यापक बने।
(iv) 1962 में 'सारिका' के संपादक मंडल में कार्य किये।
(v) अंत में मृत्युपर्यंत (मरने के पहले) स्वतंत्र लेखन का कार्य किये।

कृतियाँ- कहानी -
इंसान के खंडहर 1950
ने बादल 1957
जानवर और जानवर 1958 एक और ज़िंदगी 1961
फौलाद का आकाश 1972
वारिस - 1972

उपन्यास -
(i) अंधेरे बंद कमरे 1961
(ii) न आनेवाला कल 1970
(iii) अंतराल 1972

नाटक -
(i) आषाद का एक दिन 1958
(ii) लहरों के राजहंस 1963
(iii) आधे अधूरे 1969

एकांकी -
(i) पैर तले की जमीन
(ii) अंडे के छिलके
(iii) अन्य एकांकी 1973

यात्रा वृतांत- आखिरी चट्टान तक

निबंध- परिवेश, रंगमंच और शब्द, कुछ और अस्वीकार, नई निगाओं के सवाल, बकलम खुद

अनुवाद -
(i) मृच्छकटिकम
(ii) अभीज्ञानशांकुतलम
(iii) एक औरत का चेहरा

जीवनी संकलन- समय सारथी

निधन के बाद प्रकाशित- मोहन राकेश की डायरी शोधकार्य 'नाटक में सही शब्द खोज' विषय पर नेहरु फेलोशिप के अंतर्गत कार्य पूरा नहीं कर पाए।

### महत्वपूर्ण जानकारी

1. मोहन राकेश आधुनिक काल के कवि थे।
2. मोहन राकेश 'नई कहानी' आंदोलन के प्रमुख हस्ताक्षर थे।
3. मोहन राकेश हिंदी के प्रसिद्ध नाटकार, कहानीकार और उपन्यासकार थे।
4. उन्होंने कहानियाँ और उपन्यास लिखे, लेकिन नाटक के क्षेत्र में उनकी प्रतिभा सबसे अधिक मानी जाती है।
5. उन्हें हिंदी का आधुनिक नाटक और रंगमंच का सबसे बड़ा आधार स्तंभ माना जाता है।
6. अंडे के छिलके तथा अन्य एकांकी उनकी प्रसिद्ध एकांकी रचनाओं की पुस्तक है।
7. एकांकी छोटा नाटक है जो एक अंक का होता है।
8. नाटक के क्षेत्र में जयशंकर प्रसाद के बाद की सबसे बड़ी प्रतिभा मोहन राकेश को माना जाता है।
9. यहाँ प्रस्तुती एकांकी उनकी पुस्तक 'अंडे के छिलके तथा अन्य एकांकी से लि गई है।
10. मोहन राकेश की इस रचना में निम्न मध्यवर्ग की एक ऐसी माँ बेटी की कथा प्रस्तुत है जिनके घर


@All right reserved. No part of this work may be reproduce in any form, without permission in writing from the copyright holder.

का इकलौता लड़का सिपाही के रूप में द्वितीय विश्वयुद्ध के मोर्चे पर बर्मा में लड़ने गया है। वह अपनी माँ का इकलौता बेटा और विवाह योग्य बहन की इकलौता भाई है।
11' सिपाही की माँ' शीर्षक एकांकी में मुन्नी 14 वर्ष की थी।
12. आज की डाक में चौधरी के लिए पेंशन का मनीआर्डर आया था।
13. मुत्री की सहेली धन्नो बैसाख में चली जायेगी।
14. दो आगन्तुक लड़कियाँ दाल-चावल माँग रही थीं।
15. 'परमात्मा आपको सुखी रखे' यह कथन आगंतुक लड़की की है।
16. मुत्री को सबेरे उठकर गोबर लाने जाना था।
17. 'सिपाही की माँ' एकांकी में कुल पात्र आठ हैं।
18. मुन्नी और मानक की माँ का नाम विशनी है।
19. कुन्ती बिशनी की पड़ोसिन थी।
20. मुन्नी मंगलवार के दिन मानक की चिट्ठी के आने की भविष्यवाणी करती है।
21. सिपाही का कथन है- "मैं इसकी लाश ले जाकर चील और कौओं के आगे डाल दूँगा।"
22. मोहन राकेश के बचपन का नाम मदन मोहन गुगलानी था।
23. मोहन राकेश नई कहानी आन्दोलन के प्रमुख हस्ताक्षर थे।
24. 'सिपाही की माँ' शीर्षक पाठ में, हड्डियों का चलता-फिरता ढाँचा पंडित दीनानाथ है।

## पाठ का सारांश [ 2018, 2021, 2024]

'सिपाही की माँ' मोहन राकेश द्वारा रचित एक भावुक एकांकी है। इसमें विशनी नाम की एक गरीब माँ और उसकी बेटी मुन्त्री का जीवन दिखाया गया है। बिशनी का इकलौता बेटा मानक द्वितीय विश्व युद्ध में बर्मा गया हुआ है। बिशनी रोज उसके पत्र का इंतजार करती है और उसके सुरक्षित लौटने की दुआ करती है। विशनी को अपने बेटे की बहुत चिंता रहती है। वह कई बार सपनों में उसे घर आते देखती है, लेकिन जागने पर दुखी हो जाती है। वह अपनी बेटी मुन्नी को झूठी तसल्ली देती है ताकि वह डर न जाए। यह एकांकी युद्ध की भयानकता, माँ के दर्द और उसके सच्चे प्रेम को दर्शाता है। यह एकांकी केवल एक माँ की कहानी नहीं है, बल्कि उन सभी माताओं की पीड़ा को दिखाता है जिनके बेटे युद्ध में गए हैं। अंत में बिशनी बेटे की सलामती की प्रार्थना करती है, जो माँ की आशा और ममता को प्रकट करता है।

## लघु उत्तरीय प्रश्न

1. बिशनी कौन है? इसको किसकी प्रतीक्षा है? (2018)
उत्तर- बिशनी सिपाही की मौ नाटक की मुख्य पात्र है। वह अपने बेटे मानक की प्रतीक्षा करती है, जो युद्ध में गया है।
2. एकांकी और नाटक में क्या अंतर है? (2020,2022)
उत्तर- एकांकी: यह केवल एक अंक का छोटा नाटक होता है। इसका मंचन बहुत आसान है। नाटक : यह कई अंकों का बहुत बड़ा नाटक होता है इसका मंचन बहुत कठिन होता है।
3. मानक और सिपाही एक-दूसरे को क्यों मारना चाहते हैं? (2016,2021,2022)
उत्तर- मानक और सिपाही युद्ध में दुश्मन सेनाओं के सिपाही हैं। मानक ने हजारों दुश्मनों के साथ उस सिपाही को भी मारा है। इसलिए दोनों एक-दूसरे को मारना चाहते हैं।
4. कुंती का परिचय दें। (2021,2024)
उत्तर- कुंती बिशनी की पड़ोसिन है। वह बिशनी से उसके बेटे की चिट्ठी और मुन्नी की शादी की बातें करती है।
5. बिशनी मानक को लड़ाई में क्यों भेजती है? (2025)
उत्तर- मुन्नी की शादी के लिए पैसे की बहुत जरुरत थी,इसलिए बिशनी अपने बेटे मानक को युद्ध में भेजती है।
6. मानक स्वयं को वहशी और जानवर से भी बढ़कर क्यों कहता है? (2020)
उत्तर- मानक युद्ध में दुश्मनों को मारता है और कहता है कि अगर मैं दुश्मनों को नहीं मारूँगा तो वह मुझे मार देगा। इसी कारण से वह खुद को वहशी और जानवर से भी बढ़कर कहता है।
7. बिशनी और मुत्री को किसकी प्रतीक्षा है? वे डाकिये की राह क्यों देखती हैं? (2020)
उत्तर- बिशनी और मुन्नी को मानक की प्रतीक्षा हैं। मानक युद्ध में गया है। वे डाकिये की राह इसलिए देखती हैं ताकि मानक का पत्र मिल सके। और उसकी खबर पता चले।


@All right reserved. No part of this work may be reproduce in any form, without permission in writing from the copyright holder.

8. विशनी मानक की माँ है पर उसमें किसी भी सिपाही की मौ को ढूँढ़ा जा सकता है, कैसे?

उत्तर- बिशनी अपने बेटे मानक को बचाने के साथ-साथ दुश्मन सिपाही को भी बचाना चाहती है। वह कहती है कि उसकी भी मौ होगी जो। रो-रो कर पागल हो जाएगी। बिशनी की यही सोच हर सिपाही की मौ जैसी है।

9. आपके विचार से सिपाही की मां "एकांकी" का सबसे सशक्त पात्र कौन है। और क्यों?

उत्तर - सिपाही की मां "एकांकी" का सबसे सशक्त पात्र बिशनी है, क्योंकि वह एक सच्ची माँ की तरह दयालु और साहसी है। वह अपने बेटे को भी बचाती है और दुश्मन सिपाही को भी मारने नहीं देती। यह उदार सोच उसे सबसे प्रभावशाली पात्र बनाती है।

10. दोनों लड़कियाँ कौन हैं?

उत्तर- दोनों लड़कियाँ बर्मा के रंगून शहर से आई हुई शरणार्थी हैं। उनका घर जापानी बमबारी में उजड़ गया, परिवार के लोग मारे गए और वे भूखी-प्यासी भारत आईं हैं।

11. सिपाही के घर की स्थिति मानक के घर से भिन्न नहीं है। कैसे?

उत्तर- मानक और सिपाही दोनों ही अपने परिवार का सहारा हैं। मानक पर माँ और बहन की जिम्मेदारी है। जबकि सिपाही पर मी और पत्नी की। दोनों गरीब हैं अतः उनकी स्थिति एक जैसी है।

## दीर्घ उत्तरीय प्रश्न

1. 'सिपाही की माँ' की संवाद-योजना की विशेषताएँ बताएँ। (2020)

उत्तर- इस एकांकी के संवाद बहुत सरल और स्वाभाविक हैं। पात्र अपने भाव छोटे-छोटे और साफ शब्दों में कहते हैं। इन्हीं संवादों से कहानी आगे बढ़ती है और नाटक रोचक बनता है। माँ और बेटी की बातचीत में सच्चाई, करुणा और भावुकता है। यही इसकी संवाद-योजना को असरदार और सफल बनाती है।

## सप्रसंग व्याख्यात्मक प्रश्न

1. घर-वर देखकर ही क्या करना है कुंती। मानक आए तो कुछ हो भी। तुझे पता ही है, आजकल लोगों के हाथ कितने बढ़े हुए हैं? (2012, 2022)

उत्तर- प्रस्तुत पंक्तियाँ मोहन राकेश द्वारा रचित एकांकी "सिपाही की मौ" से ली गई हैं। इस पंक्ति में बिशनी कुंती से कहती है कि घर-वर देखकर क्या करना है, मानक युद्ध से लौटेगा तभी बेटी की शादी हो पायेगी। आजकल शादी में बहुत खर्चा होता है, इसलिए सबकी आशा मानक पर टिकी है।

2. यह भी हमारी तरह गरीब आदमी है।

उत्तर- प्रस्तुत पंक्ति मोहन राकेश द्वारा रचित एकांकी "सिपाही की माँ" से। ली गई है। इस पंक्ति में माँ अपने बेटे को समझाती है कि दुश्मन सिपाही भी हमारी तरह गरीब है। उसके भी परिवार और बच्चे होंगे। उसे छोड़ दो।

3. नहीं, फौजी वहीं लड़ने के लिए हैं, वे नहीं भाग सकते। जो फौज छोड़कर भागता है, उसे गोली मार दी जाती है।

उत्तर- प्रस्तुत पंक्ति मोहन राकेश रचित "सिपाही की मौं" पाठ से ली गई है। इस पंक्ति में रंगून शहर से आयी लड़की कहती है कि फौजी भाग नहीं सकते हैं। वे लड़ने के लिए ही भेजे जाते हैं। अगर कोई भागे तो उसे गोली मार दी जाती है।

## वस्तुनिष्ट प्रश्न

1. 'सिपाही की माँ' शीर्षक एकांकी किस संकलन का अंग है?(BSEB, 2023)
<u>(A) अण्डे के छिलके तथा अन्य एकांकी</u>
(B) नए बादल (C) पैर तले जमीन (D) आधे-अधूरे

2. 'सिपाही का माँ' शीर्षक एकांकी की मुन्नी की अवस्था क्या थी ?(BSEB, 2024)
(A) 10 वर्ष (B) 12 वर्ष (C) 13 वर्ष <u>(D) 14 वर्ष</u>

3. आज की डाक में चौधरी के लिये क्या आया था ?
<u>(A) पेंशन का मनीआर्डर</u> (B) उसके पुत्र का पत्र
(C) उसका बुलावा (D) कुछ भी नहीं

4. मोहन राकेश का जन्म कब हुआ था ?
<u>(A) 1925</u> (B)1928 (C) 1930 (D) 1934

5. मुन्नी की कौन-सी सहेली बैसाख में चली जायेगी ?
<u>(A) घन्नो</u> (B) मुक्ता (C) भारती (D) बिंदिया

6. दो आगन्तुक लड़कियाँ क्या माँग रही थीं ?
(A) रोटी (B) कपड़े <u>(C) दाल-चावल</u> (D) पैसा

7. 'परमात्मा आपको सुखी रखे' यह वाक्य किसका है? (BSEB, 2023)
(A) आगंतुक लड़की (B) पुरोहित (C) चौधर (D) कुंती

8. मुत्री को सबेरे उठकर कहीं जाना था ?


@All right reserved. No part of this work may be reproduce in any form, without permission in writing from the copyright holder.

(A) बाजरा लाने (B) पानी लाने
(C) गोबर लाने (D) सब्जी लाने

9. 'सिपाही की माँ' एकांकी के एकांकीकार कौन हैं ? (BSEB, 2018, 21)
(A) मोहन राकेश (B) दिनकर (C) अजेय (D) भगतसिंह

10. मोहन राकेश नहीं जाने जाते-
(A) कहानी के लिए (B) कविता के लिए
(C) नाटक के लिए (D) उपन्यास के लिए

11. 'सिपाही की माँ' शीर्षक पाठ की साहित्यिक विधा क्या है?(BSEB, 2024)
(A) लेख (B) कहानी (C) एकांकी (D) निबन्ध

12. सिपाही की मौ निम्नांकित में से कौन है ? (BSEB, 2019)
(A) कुन्ती (B) मुन्नी (C) विशनी (D) इनमें से कोई नहीं

13. 'सिपाही की माँ' एकांकी में कुल पात्र हैं-
(A) चार (B) आठ (C) छह (D) पाँच

14. किस पाठ में यह उद्धरण आया है?
"फौजी वहाँ लड़ने के लिए हैं, वे भाग नहीं सकते। जो फौज छोड़कर भागता है, उसे गोली मार दी जाती है...।"
(A) हँसते हुए मेरा अकेलापन (B) प्रगति और समाज
(C) सिपाही की मौ (D) ओ सदानीरा

15. इनमें से कौन-सी कृति मोहन राकेश की है ?
(A) जिंदगी मुस्कुराई (B) जानवर और जानवर
(C) कोशी का घटवार। (D) बहती गंगा

16. कौन-सी कृति मोहन राकेश की नहीं है ?
(A) एक और जिंदगी (B) अँधेरे बन्द कमरे
(C) इतिहास और आलोचना (D) आधे अधूरे

17. मुन्नी और मानक की माँ का नाम है-
(A) कृष्णा (B) किशनी (C) बिशनी (D) विमला

18. 'सिपाही की माँ' एकांकी के अनुसार लड़ाई कहाँ हो रही है?
(A) लाहौर में (B) बर्मा में (C) बंगाल में (D) जापान में

19. मोहन राकेश की एकांकी है-
(A) रोज (B) सिपाही की माँ (C) जूठन (D) शिक्षा

20. 'सिपाही की माँ' एकांकी में कुन्ती कौन है ?
(A) बिशनदेई की बहन (B) सिपाही की माँ
(C) पडोसिन (D) मुन्नी की मौसी

21. 'जानवर और जानवर' शीर्षक रचना किसकी है? (BSEB, 2024)
(A) उदय प्रकाश (B) मोहन राकेश
(C) अज्ञेय (D) बालकृष्ण भट्ट

22. 'अण्डे के छिलके' के रचनाकार का नाम क्या है ? (BSEB, 2023)
(A) मोहन राकेश (B) मलयज
(C) ओमप्रकाश वाल्मीकि (D) नामवर सिंह

23. निम्नलिखित में विशनी की पड़ोसिन कौन है ?
(A) आमा (B) विमला (C) कुन्ती (D) माधुरी

24. मुन्नी किस दिन मानक की चिट्ठी के आने की भविष्यवाणी करती है ?
(A) बुधवार को (B) बृहस्पतिवार को
(C) सोमवार को (D) मंगलवार को

25. "मैं इसकी लाश ले जाकर चील और कौओं के आगे डाल दूँगा।" यह कथन कौन कहता है?
(A) मानक (B) सिपाही (C) दीनू (D) चौधरी

26. मोहन राकेश रचित नाटक संग्रह है- (BSEB, 2020)
(A) उत्तर प्रियदर्शी (B) पहला राजा
(C) सत्य हरिश्चन्द्र (D) आषाढ़ का एक दिन

27. मोहन राकेश के बचपन का क्या नाम था ? (BSEBB,2021)
(A) मदन मोहन गुगलानी (B) कृष्णमोहन मुगलानी
(C) राधाकृष्ण मुगलानी (D) रामकृष्ण मुगलानी

28. नाटक के क्षेत्र में जयशंकर प्रसाद के बाद की सबसे बड़ी प्रतिभा कौन माने जाते हैं? (BSEB, 2022)
(A) चन्द्रधर शर्मा गुलेरी (B) बालकृष्ण भट्ट
(C) जयप्रकाश नारायण (D) मोहन राकेश

29. मोहन राकेश किस आन्दोलन के प्रमुख हस्ताक्षर थे ?(BSEB, 2022)
(A) नई कहानी आन्दोलन के (B) कविता आन्दोलन के
(C) स्वाधीनता आन्दोलन के (D) समाज सुधार आन्दोलन के

30. 'सिपाही की माँ' शीर्षक पाठ में, हड्डियों का चलता-फिरता ढाँचा कौन है ? (BSEB, 2022)
(A) पलटू राम (B) दीनू कुम्हार (C) सियाराम मोची
(D)पंडित दिनानाथ


@All right reserved. No part of this work may be reproduce in any form, without permission in writing from the copyright holder.